## फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में. मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

# डबल डेकर : पहले फेज में करगिल चौक से पटना विवि तक इस माह के अंत में चालू होगा

सुविधा

संवाददाता, पटना

**करगिल** चौक से एनआइटी मोड़ तक बन रहे डबल डेकर फ्लाइओवर की फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है. डबल डेकर फ्लाइओवर का काम पूरा हो गया है. पहले फेज में करगिल चौक से पटना विश्वविद्यालय तक जाने की सुविधा मिलेगी. वापसी में पटना कॉलेज से बीएन कॉलेज के पास उतर कर लोग करगिल चौक की तरफ बढ़ेंगे. इस माह के अंत तक इसके चालू होने की संभावना है. हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय से तिथि निर्धारित होने के दिन इसका उद्घाटन होगा. डबल डेकर फ्लाइओवर पर आवागमन चालू होने से अशोक राजपथ में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी. लोगों का सफर आसान होगा. फ्लाइओवर व चढ़ने व उतरने के लिए कृष्णा घाट, पटना कॉलेज, बीएन कॉलेज, करगिल चौक पर रैंप के निर्माण का काम पूरा हो गया है. दूसरे चरण में एनआइटी तक जाने की सुविधा मिलेगी. पटना सायंस कॉलेज के पास मेट्रो के निर्माण का कार्य होने से वहां रैंप बनाने में बाधा आ रही है. मेट्रो का काम संपन्न होने के बाद ही रैंप का निर्माण होगा. इसके बाद करगिल चौक से सीधे एनआइटी जाने की सुविधा मिलेगी.

### हाइ क्वालिटी के साउंड बैरियर लगाये गये



पुल पर चल रहा रंग-रोगन का काम.

वाहनों से निकलनेवाले शोर से फ्लाइओवर के दोनों तरफ रहनेवाले लोगों को परेशानी से बचाने के लिए हाइ क्वालिटी का साउंड बैरियर लगाये गये हैं. इससे वाहनों का शोर फ्लाइओवर के बाहर कम होगा.

**सर्विस रोड किये जा रहे दुरुस्त** : अशोक राजपथ में सर्विस रोड को दुरुस्त करने का काम तेजी से हो रहा है. पूरे स्ट्रेच में अलग-अलग जगहों पर लगभग एक हजार मीटर में सर्विस रोड दुरुस्त किया गया है. फ्लाइओवर के चालू होने के बाद ट्रैफिक लोड कम होने पर सर्विस रोड को दुरुस्त करने में तेजी आयेगी.

### दीघा से कोइलवर तक जेपी गंगा पथ निर्माण प्रक्रिया जल्द

**पटना.** दीघा से कोइलवर तक जेपी गंगा पथ के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरु होगी. इसके लिए अगले सप्ताह एजेंसी के चयन के लिए टेंडर जारी होगा. दीघा से कोइलवर तक जेपी गंगा पथ के निर्माण के लिए एलाइनमेंट तैयार किया गया है. एलाइनमेंट की स्वीकृति मिलने के बाद डीपीआर तैयार होगा. सूत्र ने बताया कि कंसल्टेंट द्वारा एलाइनमेंट तैयार किया गया है. अब उसकी स्वीकृति मिलने का इंतजार है. निर्माण कार्य को लेकर अगले सप्ताह टेंडर निकाला जायेगा.

**36 किमी सड़क का निर्माण होगा** : दीघा से कोइलवर तक जेपी गंगा पथ के विस्तार में 36 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा.